शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य 13.12.2024

थाना कलान पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 468/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 378/24 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित 02 अभियुक्तों को चोरी के एक अदद ई-रिक्शा , 04 अदद बैटरी के साथ किया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहांपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व चिन्हित किये गये अपराधियों, वांछित एंव वारंटी ,अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन एंव श्रीमान क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में थाना कलान पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

आज दिनांक 13.12.2024 को थाना प्रभारी व0उ0नि0 के नेतृत्व में थाना कलान की पुलिस टीम द्वारा प्रचलित अभियान व देखरेख , तलाश वांछित अपराधी व चैंकिंग संदिग्ध व्यक्ति व वाहन व जांच विवेचना में मामूर होकर आँधीदेई तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की चैकिग कर रहे थे कि इसी दौरान मुखबिर ने आकर सूचना दी कि ग्राम पिलुआ से जो रिक्शा चोरी हुआ था उसे दो व्यक्ति जिन्होने उक्त ई-रिक्शा को चोरी करके ले गये थे आज उसे कही बेचने के लिए ले जाने की फिराक मे है और ई-रिक्शा को लेकर आँधीदेई रोड पर गौशाला से पहले झाडियो के पास खडे है मुखबिर की सूचना पर विश्वास करके पुलिस टीम बताये स्थान पर पहुँची तो एक व्यक्ति ने जो ई-रिक्शा पर बैठा था ने अपना नाम सुमित पुत्र सिपट्टर उम्र करीब 19 वर्ष नि0 ग्राम जखिया थाना कलान जिला शाहजहांपुर बताया तथा दूसरे ने अपना नाम मानवेन्द्र पुत्र नेकसू उम्र करीब 21 वर्ष नि0 ग्राम जखिया थाना कलान जिला शाहजहांपुर बताया दोनो व्यक्तियो से ई-रिक्शा और सुनसान जगह पर खडे होने के सम्बन्ध मे सख्ती से पूछताछ पर दोनो व्यक्तियो ने कहा हम दोनो ने 5-7 दिन पहले अपने साथी उत्तम पुत्र रामलडैते नि0 ग्राम पिलुआ थाना कलान शाहजहांपुर व लक्ष्मण कोरी पुत्री रामसरन नि0 ग्राम जखिया थाना कलान जिला शाहजाहंपुर के साथ मिलकर रात्रि मे घर के बाहर चार्जिग पर लगी इस ई-रिक्शा को चोरी किया था तथा यहां पर लाकर झाडियो में छिपा दिया था और आज इसे निकालकर ले जाने वाले थे कि आप लोगो ने पकड लिया ई-रिक्शा को देखा गया तो नारगीं रंग का जिस पर TURBOSMART लिखा है तथा चारो बैटरियो को निकलाकर देखा गया जिस पर फास्ट ट्रैक FAST TRACK ,MODEL -1800 जिन पर क्रमश न0 (1).0210240024 (2).0210240011 (3).0210240023 (4).0210240027 लिखा है दोनो व्यक्तियो के कब्जे से बरामद ई-रिक्शा व इसकी 04 अदद बैटरियो के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0स0 468/24 धारा 303(2) BNS वादी श्री नरवीर S/O सोरन नि0 पिलुआ की तहरीर सूचना के आधार पर दि0 11/12/24 पजीकृत है। अतः वादी को भी अवगत कराया गया जो मौके पर आ गया। जिसने देखकर ई-रिक्शा व बैटरियो को पहचान कर अपनी होना बताया। चूकि अभियुक्त गण उपरोक्त के कब्जे से मुकदमा अ0स0 468/24 धारा 303(2) BNS का माल मसरुफ बरामद है तथा अभियुक्त गण द्वारा अपने सह अभियुक्तो 1.उत्तम व 2.लक्ष्मण उपरोक्त के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया है। अभियुक्त गण का यह कृत्य अन्तर्गत धारा 303(2) व 317 (2) BNS का अपराध है। अतः अभियोग उपरोक्त मे 317(2) की बढोत्तरी की जाती है तथा सह अभि0 1.उत्तम व 2.लक्ष्मण का नाम प्रकाश मे लाया जाता है अभियुक्तगण ने अदीज पूछताछ पर थाना हाजा पर पजीकृत मु0अ0स0 378/24 धारा 303(2) BNS से सम्बन्धित घटना कारित करना स्वीकार करते हुए बताया कि हम लोग ने आज से करीब तीन महीना पहले इण्टर कालेज हेतमपुर मे लगी सौलर की बैटरी की भी चोरी की थी। बैटरी के सम्बन्ध मे पूछने पर बताया है कि काफी दिन हो गया है उसे हम लोगो ने फेरी लगाने वाले कबाडी के हाथ बेच दिया था। जिसे हम लोग पहचानते नही है और उसका पैसा भी हम लोगो से खर्च हो गया है। बरामद ई-रिक्शा व बैटरियो को कब्जा पुलिस मे लेकर चिटबन्दी की गयी । अतः ई-रिक्शा व चार अदद बैटरी मुकदमे से सम्बन्धित है। अभियुक्तगण का यह कार्य अन्तर्गत धारा 303(2)/317(2) BNS के अन्तर्गत दण्डनीय

अपराध है अतः इनको जुर्म धारा उपरोक्त से अवगत कराते हुए कारण बताकर समय करीब 09.16 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया । अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण का चालान माननीय न्यायालय किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण

सुमित पुत्र सिपट्टर उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम जखिया थाना कलान जिला शाहजहांपुर

मानवेन्द्र पुत्र नेकसू उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम जखिया थाना कलान जिला शाहजहांपुर

पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 468/24 धारा 303(2) /317(2) बीएनएस थाना कलान शाहजहाँपुर

मु0अ0सं0 378/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना कलान शाहजहाँपुर

बरामदगी का विवरण

1 04 अदद बैटरी

2 एक अदद ई- रिक्शा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

उ0नि0 श्री यशपाल सिंह थाना कलान जनपद शाहजहांपुर

उ0नि0 श्री अशोक शर्मा थाना कलान जनपद शाहजहांपुर

का0 2465 जितेन्द्र थाना कलान जनपद शाहजहांपुर

हे0का0 448 बलवीर सिंह थाना कलान जनपद शाहजहांपुर